Girls' High School and College, Prayagraj

Work Sheet No - 8

Session - 2020-21

Class - 1 (A-F)

Subject - Hindi (व्याकरण)

Topic - पाठ - भाषा

पाठ - वाक्य

निर्देश — सभी अभिभावकों से अपेक्षा की जाती है कि वे बच्चों को नीचे दिए गए विवरण के द्वारा पाठ-भाषा और पाठ-वाक्य को समझाएँ और दिया गया कार्य करने में सहायता करें।

पाठ - भाषा

अपनी बात को समझाने और दूसरों की बात को समझने का साधन ही भाषा है।

भाषा के रूप

अपनी बात दूसरों तक दो तरीके से पहुँचाते हैं -

① बोलकर ② लिखकर

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तरों को बोलकर और लिखकर याद करें —

1प्र० - भाषा क्या है?

उ० - अपनी बात को समझाने और दूसरों की बात को समझने का साधन ही भाषा है।

2प्र० - भाषा के कितने रूप होते हैं?

उ० भाषा के दो रूप होते हैं।

① बोलकर ② लिखकर

3प्र० हमारी राष्ट्र-भाषा क्या है?

उ० हमारी राष्ट्र-भाषा हिंदी है।

पाठ - वाक्य

जिस प्रकार शब्द वर्णों से बनते हैं, उसी प्रकार शब्दों के मेल से वाक्य बनते हैं। जैसे —

मोर + नाच + रहा + है। → मोर नाच रहा है

पक्षी + उड़ + रहे + हैं। → पक्षी उड़ रहे हैं।

बंदर + पेड़ + पर + बैठा + है। → बंदर पेड़ पर बैठा है।

बच्चे + खेल + रहे + हैं। → बच्चे खेल रहे हैं।

बच्चों, अपर लिखा प्रत्येक शब्द समूह वाक्य है।

नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ —

बच्चे , बंदर , पेड़ , सूरज
बैलगाड़ी , पेड़ , सहायता ,
कोयल , चौकीदार ,
घर

END